


## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र...

**माँ कात्यायनी: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः**

# महिला प्रधान ने ग्रामीणों को जागरूक कर गांव को कर दिया टीबी मुक्त

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

- भदेसरमऊ गांव की प्रधान विजयलक्ष्मी को आज दिया जाएगा रजत पदक
- विश्व टीबी दिवस पर 64 अन्य प्रधानों को भी पदकों से किया जाएगा सम्मानित

**अमृत विचार :** भदेसरमऊ की प्रधान ने महिलाओं को संगठित कर गांव में जागरूकता अभियान चलाया। उनके इस प्रयास ने न केवल गांव को टीबी मुक्त किया बल्कि एक प्रेरक मॉडल के रूप में भी स्थापित कर दिया। इस उपलब्धि के लिए मंगलवार को विश्व टीबी दिवस पर इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में प्रधान विजयलक्ष्मी को रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा। भदेसरमऊ के अलावा जिले की 64 अन्य ग्राम पंचायतें भी टीबी मुक्त हो चुकी हैं। इनमें एक प्रधान को स्वर्ण, 17 अन्य को रजत और 46 प्रधानों को कांस्य पदक दिए जाएंगे।

मलिहाबाद ब्लॉक के भदेसरमऊ गांव वर्ष 2023 में टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया, लेकिन वर्ष 2024 में एक नया मरीज सामने आया। ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी ने तत्परता दिखाई और स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर इलाज सुनिश्चित कराया। महिलाओं की अगुवाई में जागरूकता अभियान और तेज कर दिया। नतीजतन, वर्ष 2025 में गांव फिर टीबी मुक्त घोषित हो गया। अब गांव में टीबी का कोई मरीज नहीं है।

अभियान की शुरुआत में गांव में तीन टीबी मरीज थे। प्रधान ने आशा, एएनएम और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ मिलकर घर-घर अभियान शुरू किया। महिलाओं ने लोगों से खुलकर संवाद कर सामाजिक झिझक और डर को दूर किया। जागरूक करने के साथ ये भी सुनिश्चित किया कि मरीज समय पर जांच कराएं, नियमित दवा लें और पूरा इलाज करें। 'निक्षय पोषण योजना' जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर मरीजों को पोषण सहायता भी दिलाई गई। पंचायत स्तर पर नियमित बैठकें कर संवाद और विश्वास का माहौल बनाया।

### व्यक्तिगत पीड़ा से जनसेवा का संकल्प



प्रधान विजयलक्ष्मी

- ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी को अभियान की प्रेरणा उनके परिवार से मिली। उनके पिता टीबी के मरीज थे, इलाज के दौरान जटिलताओं के कारण उनका निधन हो गया। इस अनुभव ने उन्हें दृढ़ संकल्पित बनाया। विजयलक्ष्मी ने बताया कि टीबी को बहुत करीब से देखा है। प्रशिक्षण मिलने के बाद मैंने तय कर लिया कि अपने गांव को इस बीमारी से मुक्त कराना है और इसमें महिलाओं को आगे लाना है।

### स्वच्छता व टीकाकरण पर दिया जोर

- टीबी उन्मूलन के साथ-साथ महिलाओं ने गांव में स्वच्छता को प्राथमिकता दी। नालियों को ढकवाने के साथ नियमित सफाई और फॉगिंग शुरू कराई। बच्चों के टीकाकरण को भी अभियान का हिस्सा बनाया गया। विजयलक्ष्मी स्वयं भी संचारी रोग नियंत्रण अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करती हैं। उनका मानना है कि जब महिलाएं जिम्मेदारी उठाती हैं, तो उसका असर हर घर तक पहुंचता है।

### एक हजार टीबी मरीजों को गोद ले चुके हैं प्रदीप



प्रदीप गंगवार

- केजीएमयू के डिप्टी नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट प्रदीप गंगवार टीबी मरीजों को गोद लेने का अभियान एक साल से चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को रानी लक्ष्मी बाई संयुक्त चिकित्सालय में टीबी से ग्रसित गरीब मरीजों को पोषक पोटली प्रदान की गई। अभियान के तहत अभी तक एक हजार मरीजों को गोद लेकर पोषक पोटली प्रदान की जा चुकी है। इनमें से सैकड़ों मरीज टीबी से मुक्त होकर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

### अन्य गांवों के लिए प्रेरक मॉडल

- जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एके सिंघल ने कहा कि, भदेसरमऊ की यह पहल दर्शाती है कि मजबूत पंचायत नेतृत्व और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से टीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी लाई जा सकती है। यह मॉडल अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकता है।

### पोषण भत्ते पर लगा ब्रेक

- टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मरीजों को बेहतर खान-पान के लिए सरकार हर महीने 1,000 रुपये की सहायता राशि देती है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में 22 केंद्रों पर जनवरी 2025 से 15 दिसंबर तक 23,127 टीबी रोगियों का पंजीकरण किया गया है। इन्हें आठ माह से भत्ता टीबी मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह से टीबी मरीजों पर हावी है। अफसरों की कोताही से टीबी के खात्मे की योजना भी धरी-धरी की रह गई है।

### टीबी मुक्त भारत के लिए जनभागीदारी जरूरी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व क्षय रोग दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत एरा मेडिकल कॉलेज में जागरूकता गोष्ठी और रैली का आयोजन किया गया। रैली को नेशनल टीबी टास्क फोर्स के उपाध्यक्ष पद्मश्री प्रो. राजेन्द्र प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से 'निक्षय मित्र' बनकर अभियान से जुड़ने और दूसरों को जागरूक करने की अपील की। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एके सिंघल ने कहा कि जल्द निदान और उपचार से मरीज को शीघ्र लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि 24 मार्च को रॉबर्ट कॉच द्वारा टीबी के जीवाणु की खोज की गई थी, जिसने उपचार के क्षेत्र में नई दिशा दी। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. केबी गुप्ता ने दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, खून आना या वजन घटने को नजरअंदाज न करने की अपील की।

# आज दिए जाएंगे लक्ष्मण रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार

## क्रिकेटर रिंकू सिंह समेत छह खिलाड़ियों को योगी देंगे नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 19 खिलाड़ियों का एकलव्य क्रीड़ा कोष से होगा सम्मान
- 14 अन्य खिलाड़ियों को भी दी जाएगी नकद धनराशि



रिंकू सिंह



अजीत कुमार



राजकुमार पाल



प्रवीण कुमार



प्रीतिपाल



सिमरन

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार मंगलवार को नौ खिलाड़ियों को वर्ष 2024-25 के लिए लक्ष्मण पुरस्कार व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार और 19 खिलाड़ियों को एकलव्य क्रीड़ा कोष से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा क्रिकेटर रिंकू सिंह समेत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय छह पदक विजेता खिलाड़ियों को नौकरी के नियुक्तिपत्र भी दिए जाएंगे। लक्ष्मण व रानीलक्ष्मीबाई पुरस्कार में प्रत्येक खिलाड़ी को 3.11 लाख रुपये व कांस्य प्रतिमा दी जाएगी। 14 खिलाड़ियों को 1.64 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

राजभवन में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक विजेताओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। झांगझोऊ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अलीगढ़ के रिंकू सिंह को क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य गाजीपुर के राजकुमार पाल व पेरिस पैरालंपिक में ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीतने वाले गौतमबुद्धनगर के प्रवीण कुमार को डिप्टी एसपी पद पर नियुक्त किया जाएगा। इसके अलावा भाला फेंक में रजत पदक जीतने वाले इटावा के अजीत सिंह, और 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक विजेता गाजियाबाद की सिमिरन को जिला पंचायत राज अधिकारी पद पर नियुक्ति दी जाएगी। 100 और 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली मुजफ्फरनगर की प्रीतिपाल को खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) बनाया जाएगा।

# कलेक्टर की अनुमति के बिना नहीं बेच जाएंगे जमीन

## एलडीए की आईटी और वेलनेस सिटी में लगाई जाएगी धारा-11

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एलडीए ने शासन को अनिवार्यता के लिए भेजा प्रस्ताव ने

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की आईटी और वेलनेस सिटी में जमीन की खरीद और बिक्री रोकने के लिए भूमि अर्जन अधिनियम-2013 की धारा-11 लागू की जाएगी और बिना कलेक्टर की अनुमति के कोई भी जमीन का क्रय-विक्रय नहीं कर पाएगा। एलडीए ने धारा-11 की अनिवार्यता के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है।

एलडीए की सुल्तानपुर रोड पर 3,490 एकड़ में आईटी सिटी और करीब 1200 एकड़ में वेलनेस सिटी प्रस्तावित है। दोनों योजनाओं में किसानों से लैंड पूलिंग, बिक्री और अधिग्रहण इन तीन विकल्प के आधार पर जमीन जुटाई जा रही है। एलडीए ने जमीन की बिक्री और रजिस्ट्री पर रोक लगा रखी है। इसके बावजूद किसान व अन्य भूमि स्वामी लोगों को गुमराह करके चोरी-छिपे जमीन बेच रहे हैं। एलडीए ने दोनों योजनाओं में इन शिकायतों का संज्ञान लेकर शासन को भूमि अर्जन अधिनियम-2013 की धारा-11 लागू करने का प्रस्ताव भेजा है। जो एक सप्ताह में स्वीकृति मिलते ही लागू हो जाएगा। इस प्राविधान में जमीन संबंधित सभी कार्य कलेक्टर द्वारा किए जाएंगे। जमीन क्रय-विक्रय की कलेक्टर से अनुमति लेनी होगी। इसके बाद भी कोई चोरी-छिपे जमीन बेचता है तो मान्य नहीं होगी।

खरीदार भू-उपयोग नहीं कर पाएंगे। रजिस्ट्री निरस्त कर दी जाएगी। भूमि स्वामी को किसी तरह का प्रतिकर नहीं मिलेगा। बल्कि आदेशों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। एलडीए धारा-11 की प्रक्रिया के लिए जमीन के सभी गाटे, खसरा, खतौनी आदि अभिलेख जिलाधिकारी कार्यालय व संबंधित तहसील कार्यालय को दे देगा।

### आईटी व वेलनेस के इन गांवों पर लगेगी धारा-11

- मोहनलालगंज तहसील अंतर्गत आईटी सिटी के लिए ग्राम बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकंदरपुर अमोलिया, सिद्धपुर, परेहटा, पहाड़ नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली, भटवारा व वेलनेस सिटी अंतर्गत ग्राम बक्कास, मलूकपुर ढकवा, चौरहिया, चौरासी, दुलारमऊ, नूरपुर बेहटा व मस्तेमऊ ग्राम में अर्जित भूमि पर धारा-11 लागू की जाएगी।

### 30 को ई-ऑक्शन खरीदें दुकानें और भूखंड



- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण व्यावसायिक संपत्तियां 30 मार्च को ई-ऑक्शन के माध्यम से बिक्री करेगा। प्रक्रिया में शामिल होने के लिए 28 मार्च तक ऑनलाइन पंजीयन कराना है। ई-ऑक्शन में विभिन्न योजनाओं के भू-उपयोग के रिक्त भूखंड व दुकानें लगाई हैं। प्राधिकरण गोमती नगर विस्तार, गोमती नगर, अलीगंज, जानकीपुरम्, कानपुर रोड समेत अन्य सभी योजना में खाली व्यावसायिक भूखंड और कॉम्पलेक्स की दुकानों की बिक्री करेगा। ई-ऑक्शन में प्रतिभाग करने के लिए registration. ldalucknow.in पर पंजीयन कराना है। पंजीकरण के दौरान संपत्ति का 10 फीसद धनराशि जमा करनी है।

## न्यूज ब्रीफ

### टक्कर मारकर ले उड़े 50 हजार रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा नगर निवासी बलराम साधवाणी बीआर हुंडई में काम करते हैं। उनके मुताबिक वह अपने मालिक के कहने 50 हजार रुपये लेकर 16 मार्च को मार्क्समैन हजरतगंज में जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान रॉयल स्काई के पास एक साइकिल सवार ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी, जिससे वह असंतुलित होकर गिरने लगे। तभी पीछे से दो अन्य व्यक्ति उन्हें संभालने के बहाने पास आए। तीनों ने मिलकर उनकी जेब से 50 हजार रुपये निकाल लिए। जब वह पैसे जमा करने पहुंचे तो जेब खाली मिली। इसके बाद उन्होंने अपने मालिक को सूचना दी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। पीड़ित के मुताबिक फुटेज देखने पर टक्कर मारने वालों पर संदेह हुआ। इसके बाद हजरतगंज थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### दृष्टिबाधित छात्र का बैग लौटाया

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के बुद्धेश्वर इलाके में पुलिस की तत्परता से एक छात्र का ऑटो में छूटा बैग मिल गया। बैग में मोबाइल, लैपटॉप और जरूरी दस्तावेज रखे थे। जिसे पुलिस ने छात्र को वापस सौंप दिया। मोहान रोड स्थित डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र मोहम्मद आदिल ऑटो से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान उनका बैग ऑटो में ही छूट गया। बैग में उनका मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पारा थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की।बुद्धेश्वर पुलिस चौकी इंचार्ज विनय पटेल ने टीम के साथ तलाश कर बैग को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा बैग वापस मिलने पर छात्र मोहम्मद आदिल ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

### स्कूल के नाम से की अमर्यादित पोस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकासनगर इलाके में स्थित प्री स्कूल के नाम का दुरुपयोग किया गया। स्कूल के नाम से सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी के साथ संचालिका का मोबाइल नंबर भी पोस्ट की गई। इसके बाद से लगातार संचालिका के नंबर पर अभद्र कॉल आने लगे। स्कूल संचालिका ने विकासनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विकास नगर निवासी महिला सेक्टर पांच में स्थित एक प्री स्कूल की संचालिका हैं। तहरीर में उन्होंने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके स्कूल के नाम बैनर और फोन नंबर का दुरुपयोग करते हुए कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट डाल दी। इन पोस्ट पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही हैं। जिससे स्कूल की छवि खराब हो रही है। यहीं नहीं आरोपित ने संचालिका का फोन नंबर को अटैच कर दिया।

# खरगापुर में सरकारी जमीनों पर कब्जा हटाने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीआईएल पर हाईकोर्ट लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने दिया आदेश
- आदेश में कहा तीन माह में खाली कराए नगर निगम और सदर तहसील

**अमृत विचार:** गोमती नगर विस्तार में स्थित खरगापुर गांव में सरकारी व सार्वजनिक जमीनों से बिना अनुमति कब्जा हटाने का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने नगर निगम और सदर तहसील को दिए हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने वकील विनय मिश्रा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है।

याचिका में खरगापुर गांव के गाटा संख्या 248, 227 सा, 228, 246 और 247 की भूमि से जुड़ा है। इन गाटों में सरकारी दस्तावेज में तालाब, ऊसर और बंजर के तौर पर दर्ज जमीनों पर निजी व्यक्तियों और बिल्डर ने कब्जा कर रखा है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि प्रश्नगत जमीनों का निरीक्षण किया जाए तथा यदि अवैध कब्जा पाया जाता है तो तीन माह में उसे हटा दिया जाए। नगर निगम की तरफ से शैलेंद्र सिंह चौहान और राज्य सरकार की तरफ से पंकज श्रीवास्तव के पक्ष में वकील अभिराम सिंह ने ने दलीलें पेश की।

नगर निगम की ओर से अदालत को बताया गया कि अतिक्रमण हटाने के लिए 13 मार्च 2026 को संयुक्त टीम द्वारा मौके का निरीक्षण प्रस्तावित था, लेकिन किसी कारणवश कार्रवाई उस दिन नहीं हो सकी और इसे स्थगित कर दिया गया। अदालत के इस आदेश के बाद अब प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है और आने वाले समय में उक्त भूमि पर बड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

### आउटर रिंग रोड पर ट्रक में घुसी इंडीवर एक की मौत

**अमृत विचार:** काकोरी के आउटर रिंग रोड स्थित उदित खेड़ा गांव के पास रविवार देर रात आगरा से आ रही इंडीवर आगे चल रही ट्रक में जा घुसी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर के मुताबिक फैजल उर्फ लकी (24) सहादत गंज बाउली चौकी का रहने वाला था। वह चार दोस्तों जीशान ,लाला, उजैफा, नूर के साथ ईद के बाद रविवार आगरा घूमने गया था। आगरा से लौटते समय देर रात करीब 10:30 बजे आऊटर रिंग रोड उदित खेड़ा गांव के पास कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। टक्कर के बाद एयरबैग खुल गए, लेकिन टक्कर इतनी तेज थी कि सभी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कार जीशान चला रहा था आगे सीट पर फैजल बैठा था।सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा जहां लकी की मौत हो गई। परिजन के मुताबिक लकी एसी मैकेनिक था। नवंबर में उसकी शादी होनी वाली थी। पुलिस के मुताबिक ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

## सिटी डायरी

### शहीद दिवस पर निकाली पद यात्रा




शहीद दिवस पर पदयात्रा निकालते युवक।

**अमृत विचार, काकोरी :** शहीद दिवस के अवसर पर यात्रा निकालकर शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु एवं शहीद सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दुर्गेश त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष एकल अभियान युवा विभाग ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा एवं विभिन्न जागरूकता संदेशों से युक्त पट्टिकाएं लेकर नागरिक कर्तव्यों, अनुशासन, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों को समझें और समाज तथा राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि युवाओं में एक नई ऊर्जा और जिम्मेदारी की भावना भी जागृत की।



शिविर में शामिल छात्र और छात्राएं।

### सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

**अमृत विचार, काकोरी :** कालीचरण पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर सोमवार को शिविर मोहान रोड स्थित ग्राम इब्राहिमगंज के सामुदायिक भवन में शुरू किया गया। इसमें प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के गतिविधियों में अनुशासित तरीके से प्रतिभाग करते हुए व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। सुबह छात्र-छात्राएं बस से गांव में पहुंचे और श्रम दान कर सामुदायिक केंद्र की सफाई की। इसके बाद विवेकानंद और महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर की शुरुआत हुई। ग्राम प्रधान रामपाल यादव मुख्य ने गांव के विकास में जुड़ने की बात कही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुकेश कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा की।



जागरूकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

### रैली निकाल किया जागरूक

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा स्थित लाला रामस्वरूप शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का सोमवार को समापन हो गया। इसके पहले स्वयंसेवकों ने "स्कूल चलो अभियान" के तहत गोष्ठी की और रैली निकाली7 छात्र-छात्राओं ने "दीप से दीप जलाएंगे, साक्षर देश बनाएंगे", "कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार" और "आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे" जैसे नारों से लिखी तख्तियां लेकर ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार मणि, साधौ सिंह, सुरेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. भगवान दयाल व ग्राम प्रधान राजा गौतम, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।



बादशाहबाग स्थित पशुपालन निदेशालय में शपथ ग्रहण करते पदाधिकारी।

### शपथ ली

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशु चिकित्सा फार्मेसिस्ट संघ उप्र का सोमवार को निदेशालय स्थित संघ कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस दौरान फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर अध्यक्ष अशोक कुमार द्वारा संवर्ग की मांगों पर चर्चा करके सर्वसम्मति से मांग पत्र तैयार किया गया। इसमें चीफ वेटनरी फार्मेसिस्ट को राजपत्रित घोषित किया जाना आदि प्रमुख मांगे रखी गईं।

**फालोअप** बंथरा के नीवां गांव में परिवार के तीन सदस्यों के जहरीला पदार्थ खाकर कर ली थी खुदकुशी

# परिवार के मुखिया का सई नदी पर किया गया अंतिम संस्कार

संवाददाता सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** बंथरा के नीवां गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ खा लिया था। मां तारावती और बेटे संदीप की पहले दिन ही मौत हो गई थी। वहीं, रविवार को मुखिया रुपनारायण चौरसिया की मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को शव सुपुर्द कर दिया गया। परिजन ने सई नदी के देवरहा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

चाय पान की दुकान चलाने वाले रूपनारायण, उनकी पत्नी तारावती और बेटे संदीप ने जहर खा लिया था। इस घटना में संदीप और तारावती की उसी रात मौत हो गई थी। जबकि गंभीर हालत में रूपनारायण को जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

रविवार शाम इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक संदीप और तारावती की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर से मौत की पुष्टि हुई, जबकि रूपनारायण को कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने की वजह से पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट कारण नहीं आया। जिसकी वजह से विसरा सुरक्षित रखा गया है।

इस मामले में मृतक के छोटे बेटे कुलदीप ने डीसीबी बैंक के कर्मचारियों के खिलाफ बंथरा थाने में तहरीर दी है। कुलदीप का आरोप है कि परिवार ने आशियाना चौराहा स्थित डीसीबी बैंक से 28 नवंबर 2023 को 5,30,450 रुपये लोन लिया था, जिसे चुकाने में असमर्थ होने पर बैंक केकर्मचारी बकाया 5,18,670 तुरंत जमा करने के लिए अधिक दबाव बना रहे थे। इस दौरान परिवार द्वारा बीमारी और आर्थिक दिक्कतों का हवाला देने के बावजूद बैंक कर्मचारियों ने उसे नजरअंदाज कर घर के बाहर नोटिस चस्पा कर दी। आरोप है कि उसी दिन गुरुवार को बैंक कर्मियों ने उसकी दुकान पर पहुंचकर पिता रूपनारायण के साथ गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार कर काफी अपमानित किया, साथ ही मकान नीलाम करने की धमकी दी।

कुलदीप ने आरोप लगाया कि बैंक कर्मचारियों की इस करतूत से आहत होकर परिवार ने जहर खा कर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### जनहित के मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ:** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, उत्पीड़न, सड़क, बिजली, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही प्रत्येक शिकायत में जवाबदेही तय कर नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने स्वयं लोगों के बीच पहुंचे और सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर आवश्यक निर्देश दिए, जिससे तत्काल कार्रवाई शुरू हो सके।



### बजट लैप्स हुआ तो वेतन से होगी कटौती

**अमृत विचार, लखनऊ:** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि यदि प्रदेश के किसी भी जिले में आवंटित बजट लैप्स होता है तो इसे कार्य के प्रति घोर लापरवाही माना जाएगा। साथ ही लैप्स हुई धनराशि को संबंधित अधिकारियों के वेतन से रिकवरी की जाएगी। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को कृषि निदेशालय से प्रदेश के आला अधिकारियों के साथ विभाग की वर्चुअल समीक्षा करते हुए दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कृषि विभाग का कुल बजट 8620.65 करोड़ रुपये निर्धारित है। जिसमें अब तक 7298.79 करोड़ (84.67 प्रतिशत) की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने जायद फसल अभियान के अंतर्गत उरद, मूंग, मूंगफली और मक्का के बीजों के वितरण की स्थिति की समीक्षा की।



### औद्योगिक इकाइयों के पंजीकरण में तेजी लाएं

**अमृत विचार, लखनऊ:** खादी एवं ग्रामोद्योग, एमएसएमई और निर्यात विभाग के मंत्री राकेश सचान ने निर्देश दिए कि विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए नई औद्योगिक इकाइयों के पंजीकरण में तेजी लाई जाए तथा वित्त वर्ष 2025-26 तक निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त किया जाए। साथ ही "प्लेज पार्क योजना" के तहत स्वीकृत 12 पार्कों के शीघ्र क्रियान्वयन और लंबित प्रस्तावों को जल्द पूरा करने को कहा। खादी मंत्री, सोमवार को खादी एवं ग्रामोद्योग, एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभागों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को लेकर प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए।

### जन भवन में मनाया गया शहीद दिवस व लोहिया जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में जन भवन में शहीद दिवस और डॉ. राम मनोहर लोहिया के जयंती के मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही तीनों महान शहीदों के साथ ही डॉ. राम मनोहर लोहिया के जीवन एवं उनके योगदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता ने कहा कि देश की आजादी अनगिनत त्याग और संघर्ष का परिणाम है। कार्यक्रम में विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) डॉ. पंकज एल. जानी, विशेष कार्याधिकारी अशोक देसाई, आदर्श माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

### 11 मृतक आश्रितों को दी गई नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ:** कृषि विभाग ने सोमवार को प्रदेश भर में सेवा के दौरान दिवंगत हुए कर्मचारियों के 11 आश्रितों को कनिष्क सहायक के पद पर नियुक्ति दी है। इस दौरान कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी ने कहा कि सभी कार्मिकों को कार्यभार ग्रहण करने के एक वर्ष के भीतर ट्रिपिल सी प्रमाण पत्र और टंकण में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट की गति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। नव नियुक्त कर्मियों में पम्मी कुमारी, अयान रिजवान, सृष्टि कुशवाहा, पंकज राठौर, नित्या तिवारी, अनिकेत कुमार, प्रीती कुशवाहा, जीशान अली, ब्रजेन्द्र कुमार, अजीत सिंह और पुलकित श्रीवास्तव शामिल हैं।

# यूपीसीडा की पहल से 8 नई परियोजनाओं को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 800 करोड़ निवेश प्रस्तावित वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक्स सेक्टर में भरोसा
- अब तक 61 परियोजनाएं स्वीकृत, 12,900 करोड़ से अधिक निवेश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ते हुए उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में बड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण ने आठ नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें करीब 800 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है।

सरकार की उप्र. वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति-2022 के तहत निवेशकों को निजी भूमि पर लॉजिस्टिक्स और भंडारण इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता और कर छूट दी जा रही है। इसी के चलते इस सेक्टर में निवेशकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। नई स्वीकृत परियोजनाओं में 5 साइलो, 2 वेयरहाउसिंग और एक लॉजिस्टिक्स प्रोजेक्ट शामिल हैं, जो उन्नाव, औरैया, बलरामपुर, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, लखनऊ, गौतम बुद्ध नगर और हापुड़ जैसे जिलों में स्थापित किए जाएंगे। इन परियोजनाओं के तहत करीब 110 एकड़ क्षेत्र में विकास होगा, जिससे प्रदेश की कृषि और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी।

इन आठ परियोजनाओं के साथ ही अब तक यूपीसीडा द्वारा कुल 61 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है, जिनमें 12,900 करोड़ से अधिक निवेश प्रस्तावित है। ये परियोजनाएं लगभग 810 एकड़ भूमि पर विकसित होंगी। इससे अनाज के सुरक्षित भंडारण की क्षमता बढ़ेगी, किसानों को बेहतर स्टोरेज सुविधाएं मिलेंगी और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क अधिक सुदृढ़ होगा। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब बनाना है। इसके लिए मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब, कोल्ड चेन, साइलो और वितरण केंद्रों के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बेहतर बनाकर निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया जा रहा है।

### स्वर्णिम अध्याय है बलिदानियों का त्याग

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को बलिदान दिवस के अवसर पर महान क्रांतिकारियों शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इन वीर सपूतों का त्याग भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो हमेशा प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि इन अमर बलिदानियों का साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम अद्वितीय है।



# 5000 करोड़ रुपये का दूध कारोबार कर रचा इतिहास

- महिलाओं की आय और आत्मनिर्भरता में आया उछाल

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश करते हुए दुग्ध उत्पादन और संग्रहण के क्षेत्र में बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। योगी सरकार की योजनाओं और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से 31 जिलों की महिलाओं ने करीब 5000 करोड़ रुपये का दूध कारोबार खड़ा कर दिया है।

महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित होकर ये महिलाएं प्रतिदिन करीब 10 लाख लीटर दूध का संग्रहण कर रही हैं। इस पहल से न सिर्फ उत्पादन बढ़ा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिली है। प्रदेश के 6 हजार से अधिक गांवों की महिलाएं इस अभियान से जुड़कर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज कर रही हैं। महिलाएं अब केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संग्रहण, प्रोसेसिंग और विपणन तक की पूरी प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

# स्मार्ट मीटर लगाने का खर्च कंपनी करे : आयोग

## विद्युत उपभोक्ता परिषद की मांग पर नियामक आयोग ने दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत नियामक आयोग ने कहा कि अब यदि नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तो उस पर आने वाले धन की जिम्मेदारी उस समय मीटर लगाने वाली कंपनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड की होगी। उधर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि बार-बार मीटर बदल कर कंपनियां उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ डालती जा रही हैं, जो कि बंद होना चाहिए।




परिषद के अध्यक्ष ने सोमवार को विद्युत नियामक आयोग में कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ स्वीकार नहीं किया जाएगा। कभी तकनीकी और कभी सुधार के नाम पर मीटर कंपनियां मालामाल हो रही हैं, जबकि उपभोक्ताओं की जेब पर भारी बोझ डाला जा रहा है। इस तरह उपभोक्ता पर हर माह करीब 100 रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोढ बढ़ जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2019 में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत 2-जी एवं 3-जी तकनीक आधारित मीटरों से की थी। उस समय राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने पुरानी तकनीक के मीटर लगाए जाने का विरोध किया था। कहा था कि भविष्य की तकनीक को ध्यान में रखते हुए उन्नत तकनीक के मीटर लगाए जाएं। वर्तमान में लगभग दो करोड़ 80 लाख उपभोक्ताओं के घरों में 4-जी तकनीक आधारित स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या पावर कॉरपोरेशन बताएगा कि जब फिर तकनीकी बदली और नए मीटर लगाए तो उसका खर्च फिर उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा।

### 25 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी पर विवाद, मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र. पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ की ओर से सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने अवगत कराया कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने अपने ही 15 मई, 2017 के आदेश का उल्लंघन करते हुए लगभग 25 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। पत्र में कहा गया है कि समिति की रिपोर्ट आने से पहले ही प्रबंधन की ओर से मनमाने तरीके से कर्मचारियों को हटाने और रखने का कार्य किया जा रहा है, जो न्यायसंगत नहीं है। संघ ने मांग की है कि पूर्व में हटाए गए कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से कार्य पर वापस लिया जाए के साथ छंटनी की प्रक्रिया पर रोक लगाने जाने की मांग की। साथ ही, समिति की रिपोर्ट आने तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करने की अपील भी की गई है। संघ ने मांगों पर जल्द सुनवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित माटी कला कार्यशाला के दौरान पुरस्कृत प्रतिभागियों का समूह, इस मौके पर मौजूद मंत्री राकेश सचान व अन्य। अमृत विचार

# माटीकला कारीगरों को आधुनिक उपकरण दिए जाएं: सचान

## माटीकला को नई पहचान देने की पहल, राज्य स्तरीय कार्यशाला व सम्मान समारोह आयोजित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि वर्ष 2018 में बोर्ड गठन के बाद माटीकला उद्योग को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे हजारों कारीगरों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा 'लोकल फॉर लोकल' और ओडीओपी पहल के माध्यम से माटीकला उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान मिल रही है।

**ये हुए सम्मानित :** समारोह में राज्य स्तरीय माटीकला पुरस्कार प्रदान किए गए, आजमगढ़ के भगानु प्रजापति को प्रथम, गोरखपुर के अमरनाथ प्रजापति को द्वितीय और वाराणसी के अमित कुमार प्रजापति को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा जिला ग्रामोद्योग अधिकारियों में गाजीपुर की अमिता श्रीवास्तव और बरेली के मनोज कुमार गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।

खादी मंत्री सोमवार को उप्र. माटीकला बोर्ड द्वारा गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय माटीकला कार्यशाला, सेमिनार एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभागियों एवं अधिकारियों को सम्मानित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में माटीकला कारीगरों को आधुनिक उपकरण वितरित कर उद्योग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में 75 जिलों से आए अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन, ऑनलाइन प्रक्रिया और "माटीकला मोबाइल ऐप" के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया।

इसके साथ ही लखनऊ के तीन माटीकला कारीगरों को आधुनिक प्रशिक्षण के उपरांत निःशुल्क विद्युत चाक वितरित किए गए। इस दौरान डॉ. सुरेन्द्र प्रजापति द्वारा लिखित द्विभाषी पुस्तक "हैंड ऑफ अर्थः भारतीय माटीकला की जीवन्त परंपरा" का विमोचन भी किया गया।

# जनता गैस सिलेंडर के लिए लंबी लाइनों में खड़ी : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मीडिया से बातचीत में भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। महंगाई और एलपीजी संकट को लेकर उन्होंने कहा कि जनता गैस सिलेंडर, खाद और रसोई गैस के लिए लंबी लाइनों में खड़ी है। इसके अलावा, शहरों में छोटे व्यवसाय, ठेले और रेस्टोरेंट भी बंद हो रहे हैं।

सोमवार को गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क में सपा प्रमुख ने कहा कि आलू किसानों को फसल की उचित कीमत नहीं मिली और आगरा, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, इटावा, एटा समेत कई जिलों में भारी नुकसान हुआ। सपा प्रमुख ने कहा कि सरकार ऐसी फिल्में बनाने में पैसा खर्च कर रही है जो दूसरे दलों को बदनाम करने का काम करती हैं। मुझे लगता है कि उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है, तभी तो फिल्मों की रिलीज पर भी पैसे बहाए जा रहे हैं।

### सपा ने मनाई डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क में लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राजधानी समेत प्रदेशभर में सपा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान पदाधिकारी समेत हजारों की संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क में समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

# पशुओं के इलाज को 4.8 करोड़ मंजूर

## वेटरनरी यूनिट के लिए 34 लाख रुपये, निदेशक ने खर्च के लिए दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने पशुओं की सेहत और उनके विकास के लिए खजाना खोल दिया है। पशुओं के इलाज के लिए 4 करोड़ 81 लाख 40 हजार और वेटरनरी यूनिट के लिए 34 लाख 86 हजार रुपये की मंजूरी को दी है।

पशुपालन विभाग के रोग नियंत्रण निदेशक ने बताया कि जारी धनराशि में 60 फीसदी केंद्र सरकार और 40 फीसदी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। धनराशि को पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की गाइड लाइन के हिसाब से ही खर्च होगी। इसके अलावा मोबाइल वेटरनरी यूनिट के अंतर्गत योजना के लिए दी गई धनराशि से मशीनें, आवश्यक उपकरणों की खरीद की जाएगी। समूची धनराशि राज्य सरकार द्वारा ही प्रदान की जाएगी।

### छह पशु सेवा केंद्र बनेंगे, 1.02 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ और महाराजगंज में छह पशु सेवा केंद्र खोले जाएंगे। इसके लिए सरकार ने 102 लाख 18 हजार रुपये मंजूर किए हैं। इस धनराशि से जिला मऊ विकास खंड मऊनाथ के ग्राम मखना, गुलौरी, बिलौझा और ब्लाक घोसी के ग्राम लाल की छावनी में पशु सेवा केंद्र (मिनी अस्पताल) बनाए जाएंगे। इसी तरह महराजगंज के विकास खंड निचलौल के ग्राम गडौरा और बढ़या मुस्तकिल में भी पशु सेवा केंद्रों का निर्माण कराया जाएगा। प्रत्येक केंद्र के निर्माण पर 17.03 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है। पशुधन विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक, मऊ और महराजगंज के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### वैश्विक रोजगार दिलाने को 'स्पीडअप' सेल शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. कौशल विकास मिशन ने युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से 'स्पीडअप' सेल की शुरुआत की है। यूपीएसडीएम कार्यालय में इसका उद्घाटन सोमवार को मिशन निदेशक पुलकित खरे ने किया। इस सेल से प्रदेश के युवाओं के लिए देश-विदेश में रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। मिशन निदेशक ने कहा कि यह पहल युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण देकर उन्हें तेजी से गुणवत्तापूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने में मदद करेगी। 'स्पीडअप' मॉडल उद्योग मांग के विश्लेषण, प्रशिक्षण, प्रभावी क्रियान्वयन और वैश्विक अवसरों से जोड़ने जैसे चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। उन्होंने बताया कि तकनीकी दक्षता के साथ-साथ युवाओं को संप्रेषण कौशल, व्यक्तित्व विकास और कार्यस्थल व्यवहार जैसी सॉफ्ट स्किल्स का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### मादक पदार्थों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें : मुख्य सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने नशा उन्मूलन अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करने और अवैध मादक पदार्थों के सेवन व तस्करी में लिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्य सचिव सोमवार को अपने कार्यालय में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनकॉर्ड) की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जिलों में हर माह कम से कम दो एनकॉर्ड बैठकें अनिवार्य रूप से हों और स्कूल-कॉलेजों के आसपास चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर विशेष निगरानी रखी जाए। साथ ही कोडीन युक्त कफ सिरप की बिक्री पर ऑनलाइन निगरानी और भांग की दुकानों की संख्या क्षेत्रीय जरूरत के अनुसार सीमित करने को कहा गया।



बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026 में फरवरी तक 840 मुकदमे दर्ज कर 1,176 लोगों की गिरफ्तारी की गई, जबकि 6229.78 किग्रा अवैध मादक पदार्थ बरामद हुए। प्रदेश में 10 हॉटस्पॉट चिन्हित कर कार्रवाई तेज की जा रही है।




शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के लोग।

### पावर सेक्टर बचाने का लिया संकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहीद दिवस पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रदेश भर में कर्मियों ने सभाएं करके पावर सेक्टर को बचाने के लिए संकल्प लिया। साथ ही शहीद-ए-आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर के बलिदान दिवस पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से आयोजित केंद्रीय आमसभा में मुख्य वक्ता शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि भगत सिंह का स्पष्ट मानना था कि जब तक मजदूरों, किसानों और वंचित वर्गों को राजनीतिक सत्ता में वास्तविक भागीदारी नहीं मिलेगी, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है। शैलेन्द्र दुबे ने बिजली कर्मियों से आह्वान किया कि कर्मचारी उत्पीड़न के विरुद्ध भगत सिंह की तरह आवाज उठाएं।

### बिना आकलन के तालाब निर्माण से बचें

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने कहा कि जल संरक्षण के लिए ठोस और व्यवहारिक कार्ययोजनाएं बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जलागम क्षेत्र (कैचमेंट) के समुचित आकलन के बिना तालाब निर्माण से बचना चाहिए, अन्यथा अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होते। आयुक्त ग्राम्य विकास, सोमवार को विश्व जल दिवस के परिप्रेक्ष्य में विभाग द्वारा आयोजित 'ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के प्रभाव एवं जल प्रबंधन की चुनौतियां' विषयक संगोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। जवाहर भवन स्थित आयुक्त कार्यालय में संपन्न संगोष्ठी में जल संरक्षण और पुनर्भरण पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि मनरेगा के तहत तालाब, चेकडैम और जल निकासी कार्यों से जल संकट कम करने में मदद मिली है, लेकिन रखरखाव और जनभागीदारी की कमी अभी भी समस्या बनी हुई है।

**दी जानकारी** | एचआईवी-एड्स विषय पर राज्य स्तरीय मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित

# एचआईवी जागरूकता में मीडिया की अहम भूमिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में 1.38 लाख मरीजों का चल रहा मुफ्त इलाज

**अमृत विचार :** एचआईवी-एड्स को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने में मीडिया की भूमिका बेहद अहम है। तथ्यात्मक और संवेदनशील रिपोर्टिंग से न सिर्फ जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि लोग जांच और उपचार सेवाओं का लाभ लेने के लिए भी आगे आएंगे।

यह बात सोमवार को उप्र. राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने एचआईवी/एड्स विषय पर राज्य स्तरीय मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में कही। राज्य सूचना विभाग के सभागार में आयोजित कार्यशाला में मीडिया की भूमिका को जनस्वास्थ्य अभियानों में और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में दी गई जानकारी के अनुसार, देश में करीब 25.44 लाख लोग एचआईवी के साथ जीवन जी रहे हैं, जिनमें लगभग 45 प्रतिशत महिलाएं और 2.75 प्रतिशत बच्चे शामिल हैं। संक्रमण का प्रमुख कारण असुरक्षित यौन संबंध बताया गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में संक्रमित सुई और सिरिंज का उपयोग भी एक बड़ा कारण है।

प्रदेश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान में लगभग 1.38 लाख एचआईवी संक्रमित व्यक्ति एआरटी केंद्रों पर निःशुल्क परामर्श, उपचार और दवा प्राप्त कर रहे हैं।



कार्यशाला में संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव और डॉ. संजय सोलंकी।

सोसाइटी के डॉ. संजय सोलंकी ने कहा कि एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिलाओं का समय पर इलाज कर नवजात को संक्रमण से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 72 लाख गर्भवती महिलाओं की जांच का लक्ष्य है, जिसके मुकाबले अब तक करीब 62 लाख की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

विशेषज्ञों ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम दुनिया के सबसे बड़े एचआईवी नियंत्रण कार्यक्रमों में से एक है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक संक्रमण और एड्स से होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत तक कमी लाना है।

प्रदेश में एचआईवी रोकथाम के लिए आईसीटीसी, एआरटी सेंटर, एसटीआई क्लीनिक, रेड रिबन क्लब और हेल्पलाइन 1097 जैसी कई सेवाएं संचालित की जा रही हैं, जहां जांच और उपचार की सुविधा मुफ्त उपलब्ध है।

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 24 मार्च 2026 पूर्वांचल

## न्यूज ब्रीफ

### भगत सिंह के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** शहीद दिवस के मौके पर शोहरतगढ़ आदर्श नगर पंचायत के छतहरा गांव स्थित भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी सिद्धार्थनगर कार्यालय पर श्याम लाल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु व अशफाकुल्लाह खां सहित शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु अशफाकुल्लाह खां सहित तमाम शहीदों को नमन किया। इस मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लघु सेतु निर्माण के लिए 69 लाख स्वीकृत

**कुशीनगर, अमृत विचार :** हाटा विधानसभा क्षेत्र में मठ सूरज गिरि से करजाह घाट संपर्क मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर लघु सेतु निर्माण कार्य हेतु 69 .5 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक मोहन वर्मा ने बताया कि यह सेतु निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इसके निर्माण से आवागमन सुरक्षित और सुगम बनेगा।

### नेपाल ले जाए जा रहे 7 लाख रुपये बरामद

**ककरहवा, सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल सीमा के ककरहवा बॉर्डर पर सुरक्षा में तैनात एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने भारत से नेपाल में तस्करी कर ले जाये जा रहे 7 लाख भारतीय रुपये के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये अभियुक्त की पहचान हरियाणा राज्य के पानीपत जिला के महावती निवासी आशु के रूप में हुई है। बरामद रुपये सहित अभियुक्त को ककरहवा कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया है।

# विलंब क्षमादान में कारणों की सत्यता परखना जरूरी : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।**



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विलंब समाधान से जुड़े एक मामले में स्पष्ट किया कि विलंब क्षमादान के मामलों में सर्वप्रथम आवेदक द्वारा दिए गए कारणों की सत्यता को परखना आवश्यक होता है। इसके बाद ही मामले के गुण-दोष पर विचार किया जा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा व न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की खंडपीठ ने नेहा जयकिशोर द्वारा 654 दिनों की देरी से दाखिल अपील खारिज करते हुए दिया, जिसमें पत्नी ने पारिवारिक न्यायालय द्वारा विवाह को अमान्य घोषित करने के फैसले को चुनौती दी थी।

कोर्ट ने कहा कि यदि आवेदक द्वारा बताए गए "पर्याप्त कारण" और विरोधी पक्ष की आपत्तियों के बीच संतुलन स्थापित होता है, तभी न्यायालय विलंब क्षमादान पर विचार करते हुए मामले के मेरिट में प्रवेश कर सकता है। मामले में अपीलकर्ता/ पत्नी ने तर्क दिया कि 18 अगस्त 2023 को पारित फैसले के बाद दोनों पक्ष साथ रहने लगे और एक बच्चे का जन्म भी हुआ, इसलिए आदेश निरस्त किया जाना चाहिए, वहीं पति की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों में यह सामने आया कि पत्नी ने अपने पहले विवाह के तथ्यों को छिपाया और वह कार्यवाही के दौरान एक बार उपस्थित होकर बाद में अनुपस्थित हो गई, जिसके चलते एकतरफा आदेश पारित हुआ। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि पत्नी ने अपने पहले वैध विवाह के तथ्य का खंडन नहीं किया, साथ ही यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि पति रीति-रिवाजों से संपन्न विवाह का प्रत्यक्ष प्रमाण प्रस्तुत करे। कोर्ट ने पाया कि देरी के लिए दिया गया स्पष्टीकरण न तो ठोस था और न ही विश्वसनीय। केवल निर्णय की देर से जानकारी मिलने और आर्थिक कठिनाइयों का हवाला देकर लगभग दो वर्ष की देरी को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

## जमानत प्राप्त कर सुनवाई टालना घृणित प्रवृत्ति

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आपराधिक अपीलों में जमानत हासिल करने के बाद सुनवाई के समय अधिवक्ताओं को जानबूझकर अनुपस्थित रखने की प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे "घृणित प्रवृत्ति" करार दिया और कहा कि न्यायालयों में देरी के लिए केवल बार और बेंच को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। इसमें वादियों की भूमिका को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। वादी को बार और बेंच के समक्ष एक असहाय व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, जो सत्य नहीं है। कोर्ट ने माना कि अब समय आ गया है, जब मुवक्किलों को भी उनके आचरण की भी समीक्षा की जाए और न्यायिक प्रक्रिया में उनकी सीमित, लेकिन जिम्मेदार भूमिका को रेखांकित किया जाए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने राम नारायण की आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के तथ्यों के अनुसार अपीलकर्ता को 8 जनवरी 2025 को जमानत मिली थी और अपील की सुनवाई के लिए कागजी कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद 30 जनवरी और 18 मार्च 2026 को सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता की ओर से कोई अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुआ, जबकि कोर्ट ने पूर्व में सूचना देने और समय देने के निर्देश भी दिए थे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि मुवक्किल स्वयं अपने अधिवक्ता को उपस्थित न होने का निर्देश देता है, तो इसके लिए अधिवक्ता को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि वह मुवक्किल के निर्देशों से परे कार्य नहीं कर सकता।

## कटे होंठ व कटे तालू के मरीजो का निःशुल्क पंजीकरण शिविर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जन्म से कटे होंठ व कटे तालू के बच्चों की विकृति को दूर करने के लिए स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को सीएमओ डॉ. रजत चौरसिया ने दी। बताया कि इटवा, डुमरियागंज, खुनियाँव व भनवापुर ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण 26 मार्च को सीएचसी इटवा में किया जाएगा। बांसी, मिठवल, खेसरहा व जोगिया ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण 27 मार्च को हेल्थ वेलनेस सेंटर सूपाराजा, बांसी में किया जाएगा। बर्डपुर, बढ़नी व शोहरतगढ़ ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण 28 मार्च को सीएचसी बर्डपुर में किया जाएगा। नौगढ़, उसका बाजार व लोटन ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण 30 मार्च को एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र, कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, में किया जाएगा। समस्त ब्लॉक तथा शहरी क्षेत्र के छूटे हुए मरीजों का पंजीकरण 31 मार्च एवं 1 अप्रैल को ए एन एम प्रशिक्षण केन्द्र, कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, सिद्धार्थनगर में निःशुल्क पंजीकरण किया जाएगा।

# लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

## जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को दी चेतावनी

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर**



लोगों की शिकायतें सुनते डीएम और एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सम्पूर्ण समाधान दिवस सोमवार को तहसील डुमरियागंज में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने जनसुनवाई की।

डीएम ने कहा कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर निस्तारण किया जाए। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं होना चाहिए। ऐसा मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। डीएम द्वारा डुमरियागंज के लेखपाल संजय को भू-माफिया को संरक्षण देने के कारण एवं सरकारी कार्य में लापरवाही बरतने के कारण हल्का बदलने तथा विभागीय कार्यवाही करने का निर्देश दिया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 47 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिसमें राजस्व-38, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-02, विकास-01, अन्य-06 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। डीएम द्वारा राजस्व के 05 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम में डीएफओ नीला एम, सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मौके पर जाकर विवादों का कराएं हल

**संवाददाता कुशीनगर**



फरियादियों की समस्या सुनते जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमवार को जनपद के कप्तानगंज तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने आमजन की समस्याओं को सुना। संबंधित अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध व निष्पक्ष निस्तारण किया जाए। कहा कि राजस्व से संबंधित सबसे अधिक विवादों वाले गांव में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी स्वयं जाए तथा दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सुलासमझौते से निस्तारण सुनिश्चित करें। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, आपसी रंजिश, कानून-व्यवस्था एवं अन्य संवेदनशील मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग से संबंधित 16, पुलिस विभाग से संबंधित 1 तथा अन्य विभागों से संबंधित 6 प्रकरण शामिल रहे, जबकि कुछ प्रकरण पुलिस एवं राजस्व विभाग से संयुक्त रूप से संबंधित पाए गए। इनमें से 3 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

# डंपर की टक्कर से पिता की मौत, बेटे की हालत गंभीर

**संवाददाता, संतकबीरनगर।**

**अमृत विचार।** गोरखपुर -लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मगहर तिराहा के पास रविवार देर रात तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार बखिरा थाना क्षेत्र के बघुआ निवासी कमलेश (पुत्र कोदई) अपने पुत्र गोलू के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर तिराहा के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे। जबकि, डंपर अनियंत्रित होकर सामने पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त ह गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने कमलेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गोलू की हालत गंभीर बनी हुई है। चौकी इंचार्ज मगहर विनोद कुमार यादव ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डंपर को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

# विशेष टिकट जांच अभियान में वसूला जुर्माना



ट्रेन में यात्रियों के टिकटों की जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन रेल यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ रेल राजस्व की क्षति रोकने के लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे है। इसी क्रम में महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर के निर्देश पर प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक, प्रकाश चन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में वाणिज्य अधिकारियों की टीम ने 16 से 22 मार्च तक गोरखपुर से गोण्डा, गोरखपुर-बेलथरा रोड एवं गोरखपुर से सीवान रेल खण्डों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। जिसके फलस्वरूप बिना टिकट/अनियमित टिकट के साथ/ बिना बुक सामान के कुल 283 मामले पकड़े गये, जिनसे कुल रूपया 1,84,850 रुपये के रेल राजस्व की वसूली की गयी। यात्रियों की सुविधा एवं रेल राजस्व की क्षति रोकने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे के सभी मंडल पर निरन्तर स्पॉट चेक, एम्बुश चेक, किलाबंदी चेक आयोजित किये जा रहे हैं।

## नई लाइन निर्माण परियोजना का कार्य शुरू

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे पर इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास एवं विस्तार का क्रम निरन्तर जारी है। इसी क्रम में तराई क्षेत्र में अवस्थित महराजगंज जनपद के आनन्द नगर-घुघुली नई लाइन निर्माण परियोजना का कार्य आरम्भ हो गया है। इस परियोजना के प्रथम चरण में घुघुली से महराजगंज तक की नई रेल लाइन के लिये टेण्डर अवार्ड हो चुका है। द्वितीय चरण के अन्तर्गत महराजगंज से आनन्द नगर तक के लिये टेण्डर की प्रक्रिया चल रही है। इसके अतिरिक्त आनन्द नगर यार्ड रिमाडलिंग के लिये प्रक्रिया चल रही है।आनन्द नगर-घुघुली नई रेल लाइन निर्माण परियोजना के लिये आवश्यक भूमि 244 हेक्टेयर अधिगृहीत की जा चुकी है।

## आगमन व प्रस्थान के समय में परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता के लिए 12533 गोमतीनगर-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस (मुम्बई) एवं 11408 लखनऊ जं0-पुणे एक्सप्रेस गाड़ियों के वीरांगना लक्ष्मीबाई जं0 स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान समय में परिवर्तन किया जायेगा। जिसके तहत गोमतीनगर से 23 मई से चलने वाली 12533 गोमतीनगर-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस (मुम्बई) एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार वीरांगना लक्ष्मीबाई जं0 स्टेशन पर 02 .40 बजे पहुंचकर 02 .48 बजे छूटेगी तथा लखनऊ जं0 से 28 मई से चलने वाली 11408 लखनऊ जं0-पुणे एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार वीरांगना लक्ष्मीबाई जं0 स्टेशन पर 12 .25 बजे पहुंचकर 12 .33 बजे छूटेगी।

# ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन

**संवाददाता, गोरखपुर**



**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 05060/05059 लालकुआं-कोलकाता-लालकुआं वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन लालकुआँ से 02 अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक गुरुवार को तथा कोलकाता से 04 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक शनिवार को 13 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। इसके अलावा रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व से चलाई जा रही 05062/05061 टनकपुर-अछनेरा-टनकपुर विशेष गाड़ी के संचलन का अवधि विस्तार 02 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार एवं रविवार को किया जायेगा। विस्तारित अवधि में इस गाड़ी का समय एवं ठहराव पूर्ववत रहेगा।

# मिशन शक्ति अभियान 5 का शुभारंभ



कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम शिवशरणप्पा जीएन।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में पीपुल्स इंटर कॉलेज डुमरियागंज में मिशन शक्ति अभियान 5 सेकंड फेज का शुभारंभ किया गया।

मिशन शक्ति अभियान 5 सेकंड फेज के अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकार सुरक्षा व स्वावलंबन के बारे में जानकारी हो। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने के लिए साइबर सुरक्षा व अन्य हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जागरूक किया जा रहा है जिससे महिलाएं अपने अधिकारों को जाने व आवश्यकता पड़ने पर विभिन्न नंबरों के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकें। कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से छात्राओं को पढ़ने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है जिससे पढ़ाई में कोई कठिनाई न आए। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी व तकनीकी शिक्षा के लिए स्मार्टफोन टैबलेट उपलब्ध कराया जा रहा है।

# रिटायर्ड शिक्षक का एटीएम कार्ड बदलकर उड़ाए 60 हजार रुपये

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर में एटीएम से पैसे निकालने गए एक रिटायर्ड शिक्षक के साथ शातिर जालसाज ने एटीएम कार्ड बदलकर 60 हजार रुपये उड़ा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित के होश उड़ गए। पूरी वारदात एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने पोते के साथ साइबर थाने पहुंचकर पूरे वाकया की शिकायत दर्ज कराई।

गोरखपुर जिले के सहजनवां थाना क्षेत्र के भरपही गांव निवासी रिटायर्ड शिक्षक देवेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि वह पीपीगंज के एक इंटर कॉलेज में संस्कृत के प्रवक्ता थे और वर्ष 2013 में सेवानिवृत्त हुए। पेंशन की राशि वह जरूरत के अनुसार एटीएम से निकालते हैं। उन्होंने बताया कि 6 मार्च को वह मगहर स्थित एक एटीएम से करीब 5 हजार रुपये निकालने पहुंचे थे। इसी दौरान मशीन में पैसे फंस गए। पीछे खड़े युवक ने मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। कुछ घंटों बाद मोबाइल पर मैसेज आने पर उन्हें पता चला कि उनके खाते से मगहर के ही एटीएम से 60 हजार रुपये निकाल लिए गए हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव की तैयारियां तेज

**संवाददाता कुशीनगर।**

- डीएम ने समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचारः** कुशीनगर में दिनांक 31 मार्च, 2026 से 02 अप्रैल, 2026 तक प्रस्तावित अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव के सफल आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में नामित नोडल अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध एवं समन्वित रूप से निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन जनपद एवं प्रदेश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, अतः सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 29 मार्च, 2026 तक सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों, वक्ताओं एवं वीआईपी अतिथियों की सूची तैयार कर आमंत्रण पत्र समय से प्रेषित किए जाने तथा श्रेणीवार कार्यक्रम अनुसूची तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने विभिन्न सम्मेलन जैसे शिक्षक सम्मेलन, किसान सम्मेलन, महिला सम्मेलन, आशा सम्मेलन एवं युवा सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को समुचित कार्ययोजना तैयार करने को कहा। बैठक में आगन्तुक अतिथियों एवं भिक्षुओं के ठहरने, होटल व्यवस्था, परिवहन, भोजन, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत आपूर्ति, अग्नि सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

**तनाव** पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई को लेकर भारतीय सीमा से सटे नेपाल के जिले में सांप्रदायिक तनाव

# तीन युवकों की गिरफ्तारी से हिंदू संगठनों में रोष, रिहाई की मांग



हंगामा करते लोग। अमृत विचार

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** ईद के दिन भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले में घटित सांप्रदायिक घटना तूल पकड़ता जा रहा है। इस प्रकरण में सोमवार को पुलिस द्वारा तीन हिंदू युवकों की गिरफ्तारी से हिंदू संगठनों में उबाल आ गया है। विश्व हिन्दू परिषद नेपाल ने गिरफ्तार हिंदू युवकों को निर्दोष बताते हुए उनकी तत्काल रिहाई की मांग की है। घटना के विरोध में हिंदू संगठनों की सक्रियता देखते हुए पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद नेपाल के तीन वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार हिंदू नेताओं में संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी मनोज शुक्ला, जिलाअध्यक्ष विरेंद्र चौधरी और विश्व हिन्दू परिषद नेपाल के जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी प्रमुख रूप से शामिल हैं।

बता दें कि कपिलवस्तु जिले के महाराजगंज नगरपालिका वार्ड नंबर 2 बरगदा में विशेष सांप्रदाय द्वारा एक मंदिर पर हुए हमले को लेकर दो संप्रदायों के बीच गहरा तनाव उत्पन्न हो गया था। दोनों ओर से ईंट पत्थर भी चले। स्थित को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हिंदू संगठनों ने इस मामले में निर्दोष हिंदू युवाओं की गिरफ्तारी को अन्यायपूर्ण बताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की है। कहा गया है कि मंदिर पर हुए कथित हमले के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय निर्दोष युवाओं पर गोली चलाए जाने और बाद में उन्हीं पीड़ित पक्ष के युवाओं को गिरफ्तार किए जाने से स्थिति और गंभीर हो गई है। इसे बेहद दुखद और चिंताजनक बताया गया है। विश्व हिन्दू परिषद नेपाल ने मांग की है कि गिरफ्तार सभी निर्दोष युवाओं को बिना शर्त तुरंत रिहा किया जाए। साथ ही प्रशासन द्वारा पीड़ित पक्ष पर दबाव बनाए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य करार दिया गया है। संगठन ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है और इससे दोषियों को संरक्षण मिलने का खतरा बढ़ता है। वास्तविक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न कर पीड़ितों को ही दंडित करना न्याय व्यवस्था पर गंभीर आघात है। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही गिरफ्तार युवाओं को रिहा नहीं किया गया तो इसके लिए संबंधित प्रशासन जिम्मेदार होगा और हिंदू समाज न्याय की मांग को लेकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिला अध्यक्ष कपिलवस्तु नेपाल अशोक कुमार पाण्डेय ने सभी लोगों से संयम बनाए रखने और न्याय के लिए एकजुट रहने की अपील की।

# घरेलू गैस वितरण को लेकर हाहाकार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जहां एक तरफ गैस सिलेंडर को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। तो वहीं दूसरी तरफ गैस सिलेंडर के कालाबाजारी का मामला लगातार प्रकाश में आ रहा है। बताते चले कि जनपद में एक वीडियो खूब तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें रात के अंधेरे में ट्रक द्वारा जिला पूर्ति कर्यालय में घरेलू गैस सिलेंडर उतरा जा रहा है। जो जनपद में इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस लाइन में भी रसोई गैस लेने जा उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस लाइन से कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ता चक्कर लगा रहे है, लेकिन उनको रसोई गैस नहीं मिल रहा है।

# आपत्तिजनक पोस्ट कर युवती को बदनाम करने की कोशिश, रिपोर्ट

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर युवती की फोटो से छेड़छाड़ कर उसे बदनाम करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने साइबर क्राइम थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

गोरखपुर जिले के गीडा थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसकी बड़ी बेटी की शादी खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई है। उसकी छोटी बेटी अपने बहन के घर आई थी। इसी दौरान एक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर प्रणेश मिश्र उनकी बेटी की फोटो का दुरुपयोग कर आपत्तिजनक पोस्ट कर रहा है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति फोटो को एडिट कर अश्लील बनाकर वायरल करने की धमकी दे रहा है। साथ ही फोन कर अपहरण और गोली मारने की धमकी भी दी जा रही है। गांव और सार्वजनिक स्थानों पर फोटो चस्पा करने की बात कहकर परिवार को डरा रहा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि मना करने के बावजूद आरोपित लगातार धमकियां दे रहा है, जिससे परिवार दहशत में है। एसओ साइबर थाना जय प्रकाश चौबे ने बताया कि आरोपी प्रणेश मिश्रा पता अज्ञात के खिलाफ गाली-गलौज, जान माल की धमकी और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

